**Q.P. Code: 00005666**

**समय:३ घंटे** **कुल अंक :१००**

**(कृपया जांचे कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है कि नहीं )**

**सूचना: (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**(२) उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक व उप प्रश्नक्रमांक अवश्य लिखे ।**

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों का संदर्भ सहित व्याख्या करो ।** **(२७)**

**(क)** “क्या प्रभु आप यह चाहेंगे कि संसार में छोटे और निर्बल प्राणियों का अस्तित्व हो समाप्त हो जाए ।”

**अथवा**

“जिस तरह झाड़ू से गंदगी दूर की जाती है, उसी तरह तू अपने वोट से उन सबका सफाया कर सकता है जो तेरे दुश्मन हैं ।”

**(ख)** “जाओ इससे अच्छे-अच्छे काम करते जाना, तालाब बनाते जाना ।”

**अथवा**

“गुरू-शिष्य परंपरा से काम सिखाया जाता था । नए हाथ को पुराना हाथ इतना सिखाता, इतना उठाता कि वह कुछ समय बाद ‘जोड़ियां’ बन जाता था ।”

**(ग)** “कोई भी ऐसा नहीं जिस पर विश्वास कर सकें । सब सत्ता, अधिकार, धन के लालच में हमारे अपने बने हैं । हम चाहते हैं तुम हमारी सहायता करों ।”

**अथवा**

“और जब मेरा पुत्र चल बसा तो मुझे लगा कि यादव माताओं ने मेरा पुत्र मुझसे छीन लिया । मैंने स्वयं अपने पुत्र की हत्या कर दी ।”

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखो ।** **(३६)**

**(च)** ‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास के माध्यम से समकालीन भारतीय परिवेश की समीक्षा कीजिए ।

**अथवा**

‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास में मोर वर्ग रूपी अधिकारी वर्ग और नाग वर्ग रूपी पूंजीपति वर्ग की स्वार्थपरता व चमचागिरी पर विस्तार से प्रकाश डालिए ।

**(छ)** ‘पाल किनारे रखा इतिहास’ यह निबंध किस इतिहास की पुष्टि करता है? उसे विस्तार से लिखिए।

**अथवा**

‘आज भी खरे हैं तालाब’ निबन्ध के आधार पर तालाब की महत्ता पर प्रकाश डालिए ।

**(ज)** ‘कथा एक कंस की’ नाटक की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

‘कथा एक कंस की’ नाटक में पौराणिक कथा के साथ-साथ कल्पना का सुंदर समन्वय हुआ है । नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।



XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर विस्तार में लिखो।** **(१२)**

**(ट)** ‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

**(ठ)** ‘तालाब बांधता धरम सुभाव’ निबंध में लेखक द्वारा प्रतिपादित तालाब के महत्व को समझाइए।

**अथवा**

**(ड)** ‘कथा एक कंस की’ नाटक के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं। स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न ४. निम्नलिखित टिप्पणियों के उत्तर दीजिए।** **(१५)**

**(त)** ‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास का पात्र चूहा।

**अथवा**

‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास का उद्देश्य।

**(थ)** ‘संसार सागर के नायक’ में गजधर का योगदान।

**अथवा**

‘नींव से शिखर तक’ निबंध के आधार पर तालाब की संरचना।

**(द)** ‘कथा एक कंस की’ नाटक में कंस।

**अथवा**

‘कथा एक कंस की’ नाटक में प्रलंब।

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(१०)**

१. ‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास में अख़बार कौन निकालता है?
२. ‘जंगलतंत्रम’ उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए?
३. जंगल के पहले सिंह को मारना किसका प्रतीक है?
४. कूड़न की बेटी को रास्ते में क्या मिला था?
५. वरुण देवता प्रसाद के रूप में क्या बाँटते हैं?
६. बिलावसी तालाब कहाँ स्थित है?
७. तालाब बनाने वाले को क्या कहाँ जाता था?
८. ‘कथा एक कंस की’ नाटक का मंचन सर्वप्रथम कहाँ हुआ था?
९. अस्ति को किस पर गर्व था?
१०. कंस किससे भयाक्रांत था?

**************



XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258XJAYANTOY731258